## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। पहलवानों के हाथ मिलवाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### पहलवानों की कुश्ती शुरू कराई

**बहादुरगढ़।** गांव बराही और निलौठी में आयोजित धार्मिक व खेल आयोजनों में विधायक राजेश जून के प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई। गांव निलौठी में निर्माणाधीन श्रीखाटू श्याम बाबा मंदिर पर आयोजित भंडारे में विधायक प्रतिनिधि के रूप में प्रदीप तहलान बिट्टू, ढिल्लू जून, काला दलाल, राकेश दलाल और राकेश छिकारा पहुंचे। दंगल कमेटी के सदस्यों ने उनका फूल-मालाओं, पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रतिनिधियों ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर मुकाबलों का शुभारंभ कराया।

### चेन छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर 6 थाना पुलिस ने चेन छीनने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सराय औरंगाबाद के निवासी गौतम ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपनी मौसी के साथ घर लौट रहा था। जब सेक्टर 2 में थाने वाले रोड के निकट पहुंचे तो पीछे से पल्सर बाइक पर शातिर आए। उन्होंने मेरी बाइक पर बैठी मौसी के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब शामली यूपी के निवासी संदीप को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में प्रयोग की गई बाइक व छीनी गई चेन बरामद कर ली गई है।

### रास्ता रोककर ऑटो चालक को पीटा

**बहादुरगढ़।** नेशनल हाइवे पर रास्ता रोककर ऑटो चालक से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। पालिका कॉलोनी निवासी सुजीत के साथ यह वारदात हुई है। सुजीत का कहना है कि वह सांपला से बहादुरगढ़ के बीच ऑटो चलाता है। जब सांपला से ऑटो लेकर बहादुरगढ़ आ रहा था तो रोहद में एक ऑटो ने रास्ता रोक लिया। उसमें से बहादुरगढ़ का निवासी राजन व बुपनिया का निवासी विकास बाहर निकले। विकास ने डंडे तो राजन ने मुझको थप्पड़ मारे।

### प्रशासन से साइन बोर्ड लगवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने नयागांव फ्लाईओवर से पहले रोहतक से दिल्ली की तरफ बहादुरगढ़ का साइन बोर्ड लगवाने की मांग प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि यहां साइन बोर्ड न होने के कारण काफी लोग फ्लाईओवर पर चले जाते हैं। वही बालोर फ्लाईओवर पर कोई कट न होने के कारण आमजन को काफी आगे से घूमकर आना पड़ता है। इसलिए इस कट पर बोर्ड जल्द से जल्द लगवाया जाए ताकि लोगो को परेशानी ना हो। अनिल सैनी, राजपाल, पुनीत कुमार, अजित कुमार, नीरज आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

जलभराव वाले क्षेत्रों में सिस्टम स्थापित किए जाने पर लोगों ने उठाए सवाल

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम या भूजल प्रदूषण की तैयारी ?

**कई जगह नाले के बिलकुल साथ बनाए गए हार्वेस्टिंग सिस्टम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में जल संरक्षण के नाम पर रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिन स्थानों पर हर बरसात में सड़कों पर कई-कई फुट गंदा पानी भर जाता है और निकासी की व्यवस्था बदहाल है, वहीं जल्दबाजी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जा रहे हैं। कुछ सिस्टम तो बिल्कुल नालों के साथ बनाए गए हैं, जिससे वर्षा जल के बजाय दूषित पानी के जमीन में जाने और भूजल प्रदूषित होने का खतरा पैदा हो गया है।

दरअसल, नगर परिषद द्वारा शहर में 80 लाख की लागत से करीब दो दर्जन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में मांडोठी बाजार, बाग वाला मोहल्ला, विवेकानंद नगर, विकास नगर चौक, नीलवाल गोंडा सहित कई ऐसी जगह भी शामिल हैं जहां, बरसात के दौरान जलभराव आम बात है। यहां नाले अक्सर जाम रहते हैं और सड़कों पर जमा पानी में सीवरेज, प्लास्टिक, कचरा और अन्य गंदगी मिली होती है। ऐसे में आशंका है कि यह दूषित पानी सीधे हार्वेस्टिंग सिस्टम के जरिए जमीन में पहुंचकर भूजल को प्रदूषित कर सकता है। इसका एक नमूना तो नीलवाल गोंडा पर अब भी देखने को मिल रहा है। यहां सीवरयुक्त गंदगी आरडब्ल्यूएच के गड्ढे में जा रही है।

जल संरक्षण विशेषज्ञ श्याम अहलावत के अनुसार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का उद्देश्य केवल साफ वर्षा जल को जमीन में पहुंचाकर भूजल स्तर बढ़ाना होता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड और राष्ट्रीय मानकों के अनुसार ऐसे सिस्टम नालों, सीवरेज लाइन या जलभराव वाले प्रदूषित क्षेत्रों के पास नहीं बनाए जाने चाहिए। नाले/सीवर व सेप्टिक टैंक से 10 से 15 मीटर दूर बनाने चाहिए। जल संरक्षण मुहिम से जुड़े मास्टर मनीष चाहार ने कहा कि बहादुरगढ़ में नगर परिषद ने जल संरक्षण के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई है, जबकि जमीनी हकीकत और तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है। बरसात के दौरान जलभराव वाले क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए गए हैं। ऐसी स्थिति में यदि गंदा पानी सीधे जमीन में जाएगा तो उसमें मौजूद बैक्टीरिया, केमिकल और अन्य हानिकारक तत्व भूजल को स्थायी रूप से दूषित कर सकते हैं, जिससे भविष्य में लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।





बहादुरगढ़। नीलवाल गोंडा पर सिस्टम के गड्ढे में जा रही सीवरेज गंदगी दिखाते लोग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को ज्ञापन देते पर्यावरण प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

### किसी अधिकारी ने भी दिलचस्पी नहीं ली

वरिष्ठ नागरिक जयपाल सांगवान ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था ही दुरुस्त नहीं है और हर वर्ष जलभराव होता है, वहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का क्या औचित्य है। पहले नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के बजाय सीधे हार्वेस्टिंग सिस्टम बना देना नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। हैरानी भरी बात ये कि जनप्रतिनिधि तो इस दिशा में मौन हैं ही, किसी अधिकारी ने भी दिलचस्पी नहीं ली। लोगों का यह भी आरोप है कि जलभराव और निकासी व्यवस्था की बदहाली से बचने के लिए जल्दबाजी में ये निर्माण कर दिए गए। इस मामले को लेकर पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ज्ञापन सौंपकर तकनीकी जांच की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। सांखोल के संजय व कर्मवीर ने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग का उद्देश्य भूजल को रिचार्ज करना है, न कि उसे प्रदूषित करना। यदि तकनीकी मानकों की अनदेखी कर ऐसे सिस्टम बनाए गए हैं, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। अगर जल संरक्षण करना ही है तो पार्क आदि में सिस्टम स्थापित करने चाहिए व जलभराव से निपटने के लिए ड्रेनेज सिस्टम बेहतर करना चाहिए।



बहादुरगढ़। मांडोठी बाजार में बनाया जा रहा आरडब्ल्यूएच। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। विवेकानंद नगर में बनाया जा रहा सिस्टम। फोटो : हरिभूमि

परनाला में दशकों पुराना ब्रिज बदला गया

# 9 घंटे ब्लॉक के चलते कई रेलगाड़ी रहीं रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर परनाला के पास दशकों पुराने लोहे के पुल को बदलने के लिए शनिवार को 9 घंटे का विशेष ब्लॉक लिया गया। यह ब्लॉक सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुआ और रात करीब 9 बजे तक जारी रहा। इस दौरान इंजीनियरिंग टीम के साथ काफी मजदूर पुराने पुल को हटाकर उसकी जगह सीसी स्लैब स्थापित करने के कार्य में जुटे रहे।

दरअसल, रेलवे की ओर से देशभर में पुराने ब्रिज को दुरुस्त किया जा रहा है। बहादुरगढ़ में यहां परनाला गांव में भी अंग्रेजों के समय का एक काफी पुराना ब्रिज है। इसे बदलने के लिए 26 फरवरी को काम शुरू हुआ था। शनिवार को 9 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर ब्रिज को बदल दिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुराने जर्जर लोहे के पुल को हटाकर मजबूत सीसी स्लैब लगाए जा रहे हैं, ताकि रेल यातायात अधिक सुरक्षित और सुचारू बनाया जा सके। कार्य के लिए भारी-भरकम क्रेन, हाइड्रा, जेसीबी सहित अन्य मशीनों की मदद ली जा रही है। पूरे ऑपरेशन की निगरानी वरिष्ठ इंजीनियरिंग अधिकारी कर रहे हैं। ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें रद्द और आंशिक रूप से प्रभावित रहीं। इस कारण काफी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



बहादुरगढ़। ग्राइंडर से काटी जा रही पटरी।



बहादुरगढ़। लोहे के पुल को काटने, खोलने में जुटे कर्मचारी।

### ये ट्रेनें रहीं रद्द

- 14323 नई दिल्ली-रोहतक इंटरसिटी एक्सप्रेस
- 14324 रोहतक-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस
- 64912 जींद-नई दिल्ली मेमू
- 64915 नई दिल्ली-जींद मेमू
- 64931/64932 दिल्ली-जींद मेमू
- 54031/54032 दिल्ली-जींद पैसेंजर
- 54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर
- 54033 दिल्ली-नरवाना पैसेंजर

### आंशिक रूप से प्रभावित ट्रेनें

- 14732 किसान एक्सप्रेस 28 फरवरी को दिल्ली की बजाय रोहतक तक ही चली।
- 14731 किसान एक्सप्रेस रोहतक से ही बठिंडा के लिए रवाना हुई।
- 12481 श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस रोहतक से श्रीगंगानगर के लिए प्रस्थान किया।
- 54036 जाखल-दिल्ली पैसेंजर जींद तक ही चली।
- 20410 बठिंडा-दिल्ली कैंट इंटरसिटी रोहतक-आसौदा के बीच देरी से चली।
- 54423 नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर शकूर बस्ती स्टेशन पर 25-30 मिनट रोकी गई।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी।

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद में ठेके के अधीन कार्यरत सफाई कर्मचारियों की वेतन संबंधित मांग लंबे समय से गहराई हुई है। वेतन को लेकर अब एक बार फिर कर्मचारी हड़ताल पर हैं। शनिवार को दूसरे दिन भी हड़ताली कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना देकर नारेबाजी की।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें दो महीने से वेतन नहीं मिला है। समय पर वेतन न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है। कर्मचारी नेता राजपाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपना जीवन जोखिम में डालकर लोगों को स्वच्छ माहौल देते हैं लेकिन बदले में उसे उसका मेहनताना भी समय पर नहीं मिल पाता। त्योहार के मौके भी कर्मचारियों को अपने हक के लिए हड़ताल का सहारा लेना पड़ रहा है। उधर, दूसरी तरफ हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित है। जगह जगह कचरे के ढेर सड़ रहे हैं।

# सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवा सम्मानित

**आदर्श नगर गली नंबर-4 में समारोह का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विद्यादान महादान सेवा ट्रस्ट की ओर से शनिवार को शहर के आदर्श नगर गली नंबर-4 में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन से हुई। दरअसल, ट्रस्ट के संचालक अजय ग्रेवाल दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं और 'वर्दी वाला शिक्षक' के नाम से जाने जाते हैं। पिछले कई वर्षों से ड्यूटी के बाद जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। उनसे शिक्षा प्राप्त कर काफी बच्चे दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस सहित एसएससी, सीजीएल, सीएचएसएल, सीईटी, आर्मी व अन्य विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। इस वर्ष 123 युवाओं का विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन हुआ है। इनमें से जीएसटी इंस्पेक्टर दीपक सांगवान, यूपी पुलिस में एसआई पद पर चयनित आकांक्षा राठी, दिल्ली पुलिस में एसआई नीलम व हेड कांस्टेबल गौरव, हरियाणा पुलिस में भर्ती निशा दलाल सहित 21 चयनित युवाओं को समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समाज सेवा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली संस्था क्लीन एंड ग्रीन, सार्थक सेवा समिति, चंद्रभान मेमोरियल ट्रस्ट, मोक्ष समिति तथा डॉ. अजय जैन, दिल्ली पुलिस के एसीपी कुशलराज शर्मा, इंस्पेक्टर आनंद, इंस्पेक्टर साकेत, कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी ओमवीर पहलवान व पर्यावरणविद वजीर सिंह राठी आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, पंडित राज पहलवान, उद्यमी पवन जैन, सत्यपाल सिंह तथा हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश कोच, राज कुमार, अशोका इंटरनेशनल स्कूल की निदेशिका विजयलक्ष्मी, सरपंच रत्न सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। समारोह में युवती को सम्मानित करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी।



बहादुरगढ़। साधकों को संबोधित करतीं वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### साधकों को आत्मबल का प्रशिक्षण दिया

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गहन योग तपस्या भट्ठी के दूसरे दिन साधकों को आत्मबल और स्व-नेतृत्व का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके अंजली की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता बीके पूनम ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपनी देह का स्वामी है। जब आत्मा स्वमान में स्थित रहती है, तब वह इंद्रियों को सही दिशा देती है; लेकिन आत्मबल कमजोर होने पर इंद्रियां मनमानी करने लगती हैं। पूनम ने कहा कि वर्तमान नकारात्मकता को समाप्त करने का उपाय बाहरी बदलाव नहीं, बल्कि आंतरिक रूपांतरण है। बीके अंजली ने योग तपस्या को ऐसी आध्यात्मिक भट्ठी बताया, जिसमें पुराने संस्कार समाप्त होकर सशक्त चरित्र का निर्माण होता है। उन्होंने निरंतर अभ्यास के माध्यम से स्वराज्य अधिकारी बनने का संकल्प दिलाया।



बहादुरगढ़। होली मिलन समारोह के दौरान शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं ने मनाया होली मिलन समारोह

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के पर्व की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ द्वारा छात्राओं को होली का महत्व समझाया गया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें मिलजुल कर एकता के साथ रहने का संदेश देते हैं। त्योहार हमें खुशी पूर्वक मनाने चाहिए और इस अवसर पर समाज हित में कार्य करने का संकल्प भी लेना चाहिए। मौके पर डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील, डॉ. अनिल, मनजीत प्राध्यापक सहित तमाम स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# नागरिक अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण शुरू

**बहादुरगढ़।** स्थानीय नागरिक अस्पताल में शनिवार को विधायक राजेश जून की अध्यक्षता में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। विधायक राजेश जून ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसकी रोकथाम अब वैक्सीनेशन के माध्यम से संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य के लिए टीकाकरण अभियान का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम है और हमें मिलकर इसे सफल बनाना है। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय देशवाल, डॉ. ममता, डॉ. सुंदरम, डॉ. गगन जैन सहित अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

### कानोंदा में विपिन पहलवान ने जीती पहली कुश्ती

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में आयोजित कुश्ती दंगल में जिला पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दंगल कमेटी व ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। पहली कुश्ती विपिन और मंजीत पहलवान के बीच हुई, जिसका शुभारंभ भारत केसरी व इंटरनेशनल पहलवान राजीव तोमर और ओलंपियन पहलवान सुरजीत मान सहित अन्य मौजिज व्यक्तियों ने कराया। रोमांचक मुकाबले में विपिन ने जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि रविंद्र छिल्लर ने विजेता को 71 हजार रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की। दंगल में बड़ी संख्या में पहलवान व ग्रामीण मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। प्रियंका को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### मनाली से साहसिक प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटी छात्रा का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बादली की छात्रा प्रियंकाने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित साहसिक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह प्रशिक्षण अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सहायक खेल संस्थान मनाली में हुआ था। प्रियंका प्रदेश से चयनित 100 एनएसएस प्रतिभागियों में शामिल थीं तथा झज्जर जिले से एकमात्र कैडेट रहीं। शिविर के दौरान उन्होंने रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, ट्रेकिंग, कैंपिंग, जंगल क्राफ्ट, सर्वाइवल स्किल्स और नेतृत्व कौशल जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने लगभग 70 किलोमीटर की पदयात्रा की और 7200 फीट की ऊंचाई तक पहुंचकर साहस और धैर्य का परिचय दिया। कॉलेज में लौटने पर प्राचार्य आनंद कादयान तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु गुलिया और डॉ. संदीप ने उन्हें बधाई दी।

# पोस्टर में कशिश तो रंगोली में अमृता रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। यह दिवस डॉ. सीवी रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव की स्मृति में समर्पित रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ सह-प्राध्यापिका सुजाता वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। उन्होंने छात्राओं को जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, रंगोली, विज्ञान आधारित खेलों और प्रयोगों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी रचनात्मकता तथा वैज्ञानिक समझ का प्रभावी प्रदर्शन किया।

बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा तैयार सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। डॉ. भारती मिश्रा ने मंच संचालन किया। निर्णायक मंडल में डॉ. शालू शर्मा, डॉ. नेहा नैन, डॉ. मंजीत, डॉ. कुसुम और वर्षा राठी शामिल रहीं। पोस्टर मेकिंग में कशिश प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा महक तृतीय रहीं। रंगोली में अमृता प्रथम, वंशिका द्वितीय तथा आस्था तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रवेश दहिया द्वारा पीसीओएस, पीसीओडी और सर्वाइकल कैंसर विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया।

विशेषज्ञ टीम में डॉ. श्रवण बंसल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजरानी बंसल तथा आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. मेघा अग्रवाल शामिल रहे। विशेषज्ञों ने हार्मोन संबंधी समस्याओं, उनके लक्षण, बचाव और एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर जानकारी दी। विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष कोमल हुड्डा ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। गणित संकाय की विभागाध्यक्ष स्वीटी ने छात्राओं को अनुसंधान व नवाचार की दिशा में अग्रसर रहने का संदेश दिया।



बहादुरगढ़। शिक्षकों की निगरानी में पोस्टर बनातीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। विज्ञान संग्रहालय पहुंची छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं ने दिल्ली में किया शैक्षणिक भ्रमण

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में स्थित राजकीय महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को पाठ्यक्रम के साथ-साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व वैज्ञानिक ज्ञान से जोड़ना था। छात्राओं ने दिल्ली में स्थित अमृत उद्यान, लाल किला, इंडिया गेट, विज्ञान संग्रहालय तथा अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। इन स्थलों के माध्यम से छात्राओं को भारत की समृद्ध विरासत, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास व वैज्ञानिक प्रगति को समझने का अवसर मिला। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता पूनिया की अनुमति से आयोजित किया गया तथा संपूर्ण यात्रा टूर इंचार्ज मंजू मलिक के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

### कहीं पन्द्रह मिनट देरी से तो कहीं पौने घंटे बाद शुरू हो पाई मरीजों की स्वास्थ्य जांच

# नागरिक अस्पताल में नौ बजे तक ओपीडी कक्षों में नहीं पहुंच रहे चिकित्सक, कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नागरिक अस्पताल के मरीजों को बेशक थोड़ी परेशानी आ रही हो लेकिन अस्पताल के चिकित्सक सरकारी सेवाओं का भरपूर लाभ उठा रहे है। ओपीडी का समय नौ बजे से शुरू होता है लेकिन कई चिकित्सक साढ़े नौ बजे तक भी अपने कक्षों में नहीं पहुंचते। जब अस्पताल परिसर का दौरा किया गया तो सुबह नौ बजे से पहले ओपीडी कक्षों के दरवाजे खुले थे। लोग ओपीडी स्लिप कटवाने के बाद संबंधित चिकित्सा कक्षों के सामने जमा होने लगे थे। स्थिति यह रही कि करीब सवा नौ बजे तक कमरा नंबर 8, कमरा नंबर 13 व कमरा नंबर 16 में चिकित्सक न पहुंच पाने के कारण के बाहर बैठे मरीजों में निराश के भाव थे। हां एक बात जरुर रही कि टीकाकरण वाले कमरा नंबर 20 में संबंधित महिला कर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात मरीजों का इंतजार करते हुए नजर आई। करीब पंद्रह मिनट इंतजार के बाद मेडिसिन विभाग के कमरा नंबर 13 में पहुंचे चिकित्सक द्वारा मरीजों को देखना शुरू किया। इसी प्रकार कमरा नंबर 8 स्थित प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में भी जहां चिकित्सक देरी से पहुंचे वहीं शैल्य चिकित्सा ओपीडी के कमरा नंबर 16 के चिकित्सक ने तो हद कर दी। वे करीब पौने घंटे देरी से ओपीडी कक्ष में पहुंचे। यहां चिकित्सक के आने का इंतजार कर रहे बाघपुर निवासी अत्तर सिंह सिंह ने बताया कि ओपीडी स्लिप कटवाकर करीब नौ बजे यहां पहुंच गया था। उसे पथरी की शिकायत है। आधे घंटे से चिकित्सक नहीं आया है। इसी प्रकार रेढूवास निवासी जयभगवान ने बताया कि उसके पेट में दर्द रहता है। इसलिए अल्ट्रासाउंड करवाना है लेकिन अभी तक चिकित्सक न आने के कारण परेशानी आ रही है। भदानी गांव से मेडिकल बनवाने पहुंचे देवेंद्र ने बताया कि उसे कंपनी में नौकरी के लिए मेडिकल बनवाना था। सभी दस्तावेज पूरे हो चुके हैं अब चिकित्सक को हस्ताक्षर करने है। इसलिए वह इंतजार कर रहा है। ऐसे में लोगों का कहना रहा कि इन असुविधाओं की वजह से ही लोग निजी अस्पतालों का रुख करने पर मजबूर होते हैं।



झज्जर। कमरा नंबर 8 में खाली पड़ी कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि





झज्जर। कमरा नंबर 16 में साढ़े नौ बजे की स्थिति, जहां केवल महिला कर्मचारी उपस्थित है, कमरा नंबर 13 के बाहर चिकित्सक आने का इंतजार कर रहे मरीज व खाली पड़ी कुर्सी। फोटो :हरिभूम

#### सख्ती से दिए जाएंगे समय पर पहुंचने के निर्देश

इस संबंध में जब सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शनिवार को एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं ऐसे में हो सकता है चिकित्सक थोड़ा देरी से पहुंचे हों। लेकिन उनके द्वारा सभी चिकित्सकों को सख्ती से निर्देश से जारी किए जाएंगे कि वे ओपीडी कक्षों में समय पर पहुंचे ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप


झज्जर। बनाए गए मॉडल दिखाते हुए प्रतिभागी छात्राएं।

### विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने बनाए मॉडल

झज्जर। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में छठी व सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने विद्यार्थियों को महान वैज्ञानिक डॉ. सीसी रमन की जिज्ञासा, परिश्रम और निरंतर प्रयोगों बारे जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रा प्रांजल ने श्वसन तंत्र, अनिका ने खाद्य श्रृंखला, शगुन ने प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया, लोकेश, मुकुल, रोयन, आर्यन, हरीश, नमन, कुशल ने पवन चक्की, चंचल ने बीज अंकुरण, चंचल व योगिता ने विज्ञान के लाभ व हानि, वचन, मयंक व यशवीर ने ज्वालामुखी, जानवी ने सुचालक व कुचालक विषय पर मॉडल बनाए। इस मौके पर निदेशक अमित गहलावत, विद्यालय शिक्षा समिति सदस्या सीजू गहलावत तथा विज्ञान प्रकोष्ठ से कुमारी रिंकी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### होनहार मोनिका अहलावत को किया सम्मानित

झज्जर। दा हाइट्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा मोनिका अहलावत ने सीएसआईआर रसायन विज्ञान में 22वां रैंक प्राप्त करके जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान द्वारा मोनिका व उसके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। निदेशक नवींद्र कुमार ने बताया कि मोनिका अहलावत व उसके पिता धर्मेंद्र तथा परिजन प्रदीप अहलावत को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। मोनिका ने नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई दा हाइट्स संस्थान में पूरी की है। मोनिका को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि लड़कियों को मौका दिया जाए तो वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रह सकती। यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाएगी।




### होली कार्यक्रम में नन्हें विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में होली पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व बारे जानकारी दी। निदेशक बिजेंद्र कादियान ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर पर्व मनाने की सीख दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने होली पर आधारित मनमोहक गीत, रंगारंग नृत्य और लघु नाटिकाओं की प्रस्तुत दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हर्बल एवं प्राकृतिक रंगों के उपयोग करने व जल की बर्बादी न करने के लिए प्रेरित किया।

### डेढ़ घंटे में पकड़े दस ओवरलोड वाहन 6 लाख 95 हजार का चालान

झज्जर। शनिवार की सुबह सीएम फ्लाइंग टीम सदस्यों द्वारा शहर के ग्वालिसन मार्ग व जहाजगढ़ मोड़ का औचक निरीक्षण कर वहां से निकलते दस ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा। इस संबंध में फ्लाइंग टीम द्वारा संबंधित ट्रकों के 6 लाख 95 हजार रुपये के चालान भी किए। जानकारी के अनुसार फ्लाइंग टीम में ईस्ट ग्ररुग्राम से इंस्पेक्टर सुरेश, एएसआई जितेंद्र कुमार, आरटीओ बहादुरगढ़ से राजेश मलिक शामिल रहे। टीम सदस्य अलसुबह करीब साढ़े पांच मौके पर पहुंचे। यहां डेढ़ घंटे तक आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई तथा ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया। टीम द्वारा पकड़े गए वाहनों को बादली रोड स्थित पार्किंग स्थल पर खड़ा करवा दिया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।




### रेखाचित्र के माध्यम से किया महान वैज्ञानिक सीवी रमन को याद

झज्जर। क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में महान वैज्ञानिक सीवी रमन का रेखाचित्र बनाकर उन्हें नमन किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा भौतिकी विज्ञान क्षेत्र में की गई खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसे प्राप्त करने वाले वे पहले एशियाई थे। उनका अविष्कार उन्हीं के नाम पर रमन प्रभाव नाम से जाना जाता है। चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रमेश कौशिक, नसीब कौशिक, अनिल कौशिक, वेदपाल कौशिक, राधेश्याम कौशिक, देवेंद्र वशिष्ठ, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने भी भारतरत्न से अलंकृत डॉक्टर सीवी रमन को नमन किया।


झज्जर। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल, परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते हुए परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने दुजाना और महाराणा में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

झज्जर। शनिवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की चल रही परीक्षाओं के चलते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने गांव महाराणा और दुजाना स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षाओं के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित ड्यूटी का गंभीरता से पालन करें। परीक्षा नकल रहित, शांतिपूर्ण हो, इसके लिए सभी दिशा निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा शांतिप्रिय ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। किसी भी रूप से भ्रामक जानकारी फैलाने व फेक न्यूज पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, बिजली, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करें। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।


झज्जर। भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में, हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में

झज्जर। मोहल्ला हरिपुरा स्थित श्रीराम मंदिर में भजन संध्या एवं फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित पवन शर्मा ने श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक लगाते हुए कहा कि होली का त्योहार भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा के प्रेम का प्रतीक है। गायक कलाकार ललित गेरा, सतीश कटारिया, नयन हंस, सुनील गेरा, प्रवीण सुखीजा, अशोक गेरा, विनोद मदान, अशोक गेरा ने श्याम बाबा और होली के भजनों की प्रस्तुति दी। ललित गेरा ने सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में.., सुनील गेरा ने सारी दुनिया मारे बोल, बाबा मेरा है.., सतीश कटारिया ने बुला के खाटू वाले ने दिल ले लिया.., राजेंद्र वधवा ने सपने में देखा मैने श्याम धणी दातार..,संजय मक्कड़ ने देना हो तो दीजिए जन्म जन्म का साथ.., विनोद मदान ने बाबा का दरबार सुहाना लगता है.., अशोक गेरा ने ऐ श्याम तेरे भक्तों में मेरा नाम हो जाए.., जगदीश कटारिया ने झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से होली खेलेंगे आपा गिरधर गोपाल से.., महिला कीर्तन मंडली की सुषमा गाबा, सुगंधा चुघ सहित सदस्यों ने नी मैं नचना मोहन दे नाल आज मैनु नच लेन दे... भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर राम अवतार गेरा, संत लाल बुद्धिराजा, अश्वनी अरोड़ा, कृष्ण रोहिल्ला, भारत भूषण नंदा, अशोक जैन, जगदीश चौपड़ा, पुष्पा सरदाना, सुषमा, सतीश गाबा, भूषण चुघ, संजय भाटिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### नेहरू कॉलेज की जिम्नास्टिक टीमों का एमडीयू में बेहतरीन प्रदर्शन

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक एवं रिदमिक जिम्नास्टिक टीमों ने अंतर-महाविद्यालय महिला जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता सैनी कॉलेज, रोहतक में आयोजित की गई। खेल निदेशक डॉक्टर शकुंतला बेनीवाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह ने इस उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष राहुल तथा डॉक्टर अरुण कुमार को बधाई दी और विजेता विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि रिदमिक जिम्नास्टिक टीम ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय की तीन छात्राएं बीए द्वितीय वर्ष की मन्नू रानी, बीए प्रथम वर्ष की आशु तथा बीए द्वितीय वर्ष की तन्नू अंतर-विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के लिए चयनित हुईं।


झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### जिले में हुई एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

झज्जर। शनिवार को जिला नागरिक अस्पताल में 14 आयु वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने की दिशा में चलाए गए इस अभियान की शुरूआत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल व जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना द्वारा की गई। डीसी ने किशोरियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी रोकथाम योग्य बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। केंद्र सरकार द्वारा देशभर में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किशोरियों को समय रहते सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिक्षा विभाग व अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को व्यापक स्तर पर सफलतापूर्वक संचालित करें। जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना समाज और राष्ट्र की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सिविल सर्जन डॉ. मंजू कादियान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है, और यह टीका इस गंभीर बीमारी से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। इस मौके पर एसडीएम अंकित कुमार चौकसे, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. टीएस बागड़ी, नोडल अधिकारी डॉ. बसंत दूबे, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय सिंगला, डॉ. कुलदीप, डॉ. नीरज , डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. पूनम , डॉ. मीनू. डॉ. सुनील आदि मौजूद रहे।




झज्जर। होली पर्व कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने दिया प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संदेश

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शनिवार को होली पर्व मनाया गया। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने फूलों से होली मनाई। प्राचार्या निधि कादियान ने अपने संबोधन में कहा कि होली का ये पावन पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों को पानी बचाकर, प्राकृतिक रंगों से होली मनाने का संदेश दिया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने होली पर्व बारे विस्तार से जानकारी दी। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विद्यार्थियों के बीच मिठाई वितरित करते हुए होली की खुशियां सांझा की। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, प्री-प्राइमरी एचओडी सपना अहलावत, मदर टीचर निकिता, नेहा, सपना, सरिता, सविता, मोना, मनीषा, करिश्मा, अर्चना, सुदर्शना, निशु, पूनम, कला अध्यापिका रितिका, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। व्याख्यान में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

### विद्यार्थियों को दी डिजिटल इतिहास व रोजगार के अवसरों की जानकारी

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में शनिवार को प्राचार्य डा. सतवीर सिंह की अध्यक्षता में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी डा. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से डा. एसके चहल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में दो महत्वपूर्ण विषयों पुरातत्व एवं धरोहर प्रबंधन में करियर तथा डिजिटल इतिहास एवं नवीन रोजगार अवसर के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरातत्व एवं धरोहर प्रबंधन क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर संभावनाओं, अनुसंधान के अवसरों तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल इतिहास की अवधारणा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, डिजिटल आर्काइव्स, डेटा विश्लेषण तथा ऑनलाइन रिसर्च प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इतिहास अध्ययन के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल स्किल्स का महत्व निरंतर बढ़ रहा है और इतिहास विषय के विद्यार्थियों के लिए नए जॉब मार्केट्स के द्वार खुल रहे हैं। प्लेसमेंट प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति सचेत करते है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य वक्ता डा. एसके चहल द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर डॉ.सवीन, राजेश कुमार, डा. रश्मि, डा. अजय कुमार, अजय सिंह, मंजीत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में पांच विद्यार्थियों ने पाई सफलता



झज्जर। प्रगति सैनिक स्कूल बिरधाना के पांच विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के डायरेक्टर एडवोकेट अजीत सिंह खत्री ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को विद्यालय के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### एक-दूसरे को गुलाल लगाकर छात्राओं ने मनाई होली



झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में शनिवार को सांस्कृतिक विभाग द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक विभाग से डॉ. तितिक्षा रोहिल्ला ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। छात्रा अंशिका, ममता, भारती, राधिका एवं निक्की ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। प्राचार्या डॉ. नीलम गर्ग ने छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। सभी को सुरक्षित एवं सद्भावनापूर्ण होली मनाने का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं व शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### साठ हजार से अधिक लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ : डॉ. महिपाल

# संस्कारम परिवार स्वास्थ्य कार्ड योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम ग्रुप द्वारा शनिवार को होली मिलन समारोह के दौरान संस्कारम परिवार स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की गई है। इस ऐतिहासिक पहल को सेहत और उपचार के क्षेत्र में एक नई चिकित्सीय क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का मुख्य उद्देश्य ही समाज को बेहतर, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य भी जीवन की मूलभूत आवश्यकता है और संस्कारम ग्रुप दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता स्थापित करने के लिए संकल्पित है। संस्कारम परिवार स्वास्थ्य कार्ड योजना संस्कारम परिवार के प्रत्येक सदस्य को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी प्रदान करेगी। करीब साठ हजार से अधिक क्षेत्रवासियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत संस्कारम हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर, पाटौदा द्वारा ओपीडी, आईपीडी, चौबीस घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, निःशुल्क सर्जरी, प्रसूति सेवा एवं डिलीवरी जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि एक्स-रे, सीटी स्कैन, पैथोलॉजिकल जांच, पंचकर्म थेरेपी, रक्तचाप एवं शुगर जांच सहित अनेक आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं भी योजना के अंतर्गत निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। यह स्वास्थ्य कार्ड संस्कारम ग्रुप से संबद्ध विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों के लिए हर समय प्रभावी रहेगा।


झज्जर। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए डॉ.महिपाल।

#### एक यूनिट देने वाले रक्तदाता को जरूरत पड़ने पर मुहैया कराया जाएगा दो यूनिट रक्त

रक्तदान को बढ़ावा देते हुए डॉक्टर महिपाल ने घोषणा की कि यदि संस्कारम परिवार का कोई सदस्य एक यूनिट रक्तदान करता है, तो आवश्यकता पड़ने पर उसे दो यूनिट रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में संस्कारम हॉस्पिटल को विश्वस्तरीय मेडिकल कॉलेज एवं शोध केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित हो सके। यह योजना केवल संस्थान तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आने वाले समय में हरियाणा सहित देशभर में विस्तार की दिशा में कार्य किया जाएगा। आजादी के अमृत काल में हमारा लक्ष्य एक रोगमुक्त, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना है। संस्कारम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गुरुदयाल सिंह ने कहा कि यह योजना शिक्षा और स्वास्थ्य के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी और कर्मचारी शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे, तभी वे शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। यह पहल न केवल संस्थान के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। प्रोफेसर वाइस चांसलर डॉक्टर एमसी गुप्ता ने कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय सदैव सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी रहा है। इनके अलावा रजिस्ट्रार सतीश कुमार, डीन अकेडमिक प्रोफेसर दिव्या त्यागी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


UPTO 80% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
1 KG SUGAR FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
HOLI FESTIVE SALE
26 FEB - 10 MAR
FRESCA 1 LTR. FREE
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
रंग, मिठास और प्यार, Elenta Mart से शॉपिंग बार-बार!
ROHTAK
BAHADURGARH
JHAJJAR
SAMPLA
GOHANA
KARNAL
SONIPAT
HISAR
BHIWANI
UPTO 50% OFF
PICHKARI - WATER BALLONS - GULAL - COLORS - ELECTRIC WATER GUN
HITKARY THANDAI
20% OFF ON MRP
FIT 4 DIET GUJIYA DESI GHEE
BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA
₹180
RAJDHANI BESAN 1KG
₹85
Fortune atta ( 10 kg )
₹409
GM POHA(500G)
BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA ATTA 5KG
BUY 1 GET 1 FREE
TATA TEA PREMIUM 1 KG
₹329
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR
₹69
MANGO SIP 1LTR
BUY 1 GET 1 FREE
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml)
BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 FREE
LOOSE SUGAR 5 KG
OUR PRICE ₹230
AASHIRVAAD ATTA 10KG
OUR PRICE ₹439
BREGANO PASTA
ALL VARIANTS
BUY 1 GET 1 FREE
REAL JUICE 1 L
20% OFF ON MRP
HALDIRAM NAMKEEN
12.5% OFF ON MRP
MCCAIN 1.2KG
BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN
BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI ATTA 10KG
OUR PRICE ₹399
PREET LITE
₹309
FRESCA
BUY 1 GET 3 FREE
UNIFIT MUESLI HONEY & STRAWBERRY
BUY 1 GET 2 FREE
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML
BUY 1 GET 1 FREE
RED BULL
₹95
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
BUY 1 GET 1 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.